आकाशवाणी केन्द्र शिमला

08.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू आज शिमला के पीटरहॉफ में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान वे शिक्षा विभाग में नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे और विभाग में समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत विभिन्न पहलों का भी शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री शिक्षा विभाग में कई नई महत्वपूर्ण पहलों का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री पांच सरकारी स्कूलों के छात्रों को जापान शैक्षिक यात्रा के लिए विदाई देंगे।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में शिमला में शिक्षा विभाग और प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों की एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा और विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा की। रोहित ठाकुर ने कहा कि हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से करीब 5 सौ दस शिक्षण संस्थान क्षतिग्रस्त हुए हैं जिनके लिए बजट प्रावधान किया जा रहा है।

पर्यटन कारोबार

प्रदेश में मॉनसून की वर्षा से जहां राज्य में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है, वहीं पर्यटन कारोबार पर भी विपरीत असर पड़ा है। राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक राजीव कुमार ने कहा कि सरकार पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कई कदम उठा रही है और 15 जुलाई से 12 सितम्बर तक अपने होटलों की बुकिंग पर 20 से 40 फीसदी तक डिस्काउंट का ऐलान किया है।

हिमाचल प्रदेश टूरिज्म स्टेक होल्डर एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहिंदर सेठ के मुताबिक प्रदेश में बादल फटने और लैंडस्लाइड की घटनाओं के चलते पर्यटकों ने प्रदेश में बुकिंग को रद्द कर दिया है। उन्होंने कहा कि ऑक्युपेंसी घटने से पर्यटन कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम आज आमतौर पर साफ बना हुआ है। पिछले दिनों हुई मॉनसून की भारी वर्षा से अस्त–व्यस्त जनजीवन को सामान्य बनाने के प्रयास जारी हैं। प्रदेश में भारी बारिश से हुई भूस्खलन जैसी घटनाओं से अभी तक प्रदेश में दो राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 4 सौ 52 सड़कें अभी भी यातायात के लिए बंद हैं जबकि 8 सौ 61 बिजली ट्रांसफार्मर और

2 सौ 44 पेयजल योजनाएं ठप्प पड़ी हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज राज्य के शिमला, ऊना, बिलासपुर, कांगड़ा, सोलन और सिरमौर जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

<u>और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..........</u>

अमर उजाला की सुर्खी है प्रदेश में अब राजपत्रित अधिकारी ही रहेंगे तहसीलदार समेत कई श्रेणियों के अफसर।

प्रदेश हाईकोर्ट के हवाले से पंजाब केसरी लिखता है कोल डैम निर्माण में बेघर लोगों को नौतोड़ भूमि आबंटित करने की प्रक्रिया शुरू करने के आदेश।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है अब पंचायतें संभालेंगी एक लाख से कम लागत वाली पेयजल योजनाएं।

दैनिक भास्कर की एक खबर है प्रदेश के स्कूल और कॉलेजों में जल्द भरेंगे शिक्षकों के पद, शिक्षा मंत्री ने दिए निर्देश। दैनिक जागरण की सुर्खी है 2 हजार 408 एसएमसी शिक्षक होंगे नियमित।